>

Title: Regarding water problem in Bihar.

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं, इसके साथ-साथ मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं, माननीय नीतीश जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे एक मुखिया से लोक सभा पहुंचाने का काम किया है । मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे दो शब्द बोलने का मौका दिया है । मैं बिहार के झंझारपुर से आता हूं । हमारे बिहार में पानी का बहुत संकट है । मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में जलसंकट दूर करने की कोशिश करें । कोशी, कमला, बलान नदियां नेपाल से आती हैं । वहां जल स्तर की बहुत कमी है । बच्चों को नहलाने और पानी पिलाने में बहुत दिक्कत हो रही है । यह बहुत सारी बीमारियों की जड़ है ।

मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि इस ध्यान देने की कृपा करें । धन्यवाद ।